JALAUN POLICE

दिनांक – 12.04.2025

कोतवाली कोंच पुलिस द्वारा आइपीएल क्रिकेट मैच में मोबाइल फोन के माध्यम से सट्टा लगाने वाले 02 शातिर अभि0 को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 12,170/- रूपया व 02 अदद मोबाइल फोन बरामद करने में महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त की।

श्रीमान अपर पुलिस महानिदेशक कानपुर जोन कानपुर एवं पुलिस उपमहानिरीक्षक झांसी परिक्षेत्र झांसी के नेतृत्व में पुलिस अधीक्षक जालौन के कुशल पर्यवेक्षण में अवैध शराब, जुआं, सट्टा की रोकथाम हेतु चलाए जा रहे अभियान के क्रम में दिनांक 11.04.2025 की रात्रि को मुखविर द्वारा सूचना प्राप्त हुई कि सिकरी रोड ब्लॉक के पीछे नया पटेल नगर में राघवेन्द्र राठौर उर्फ गोलू निवासी सिकरी राजा के मकान में स्थित मिस्टर धनौरा के आफिस मु0 ब्लाक के पीछे नया पटेल नगर में कुछ लोग संगठित होकर आईपीएल मैच में हार जीत पर मोबाइल फोन से रूपयों की बाजी लगाकर सट्टा खेल रहे हैं। इस सूचना पर कोतवाली कोंच पुलिस द्वारा दविश देकर सट्टा खेलते हुये 02 अभियुक्तगण को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार व्यक्तियों के पास से 12,170/- रूपये नगद व 02 अदद मोबाइल फोन बरामद किया गया जिसके सम्बन्ध में कोतवाली कोंच में मु0अ0स0- 85/25 धारा 3/4 सार्वजनिक जुआ अधिनियम व धारा 112 बीएनएस के तहत अभियोग पंजीकृत कर अग्रिम आवश्यक विधिक कार्यवाही की गयी।

पूंछतांछ में अभि0गणो द्वारा बताया कि हम लोग आइपीएल/क्रिकेट मैच का सट्टा आनलाइन डिब्बे के माध्यम से आने वाले भाव के हिसाब से सट्टा खिलाते है और हारजीत का हिसाब क्रिकेट मैच समाप्त होने के बाद कर लेते है। ऑनलाइन सट्टे का मुख्य एडमिन मनीष मिश्रा एवं मिनी एडमिन हम दोनो व अमन खान, राजेश साहू, राजेश राठौर है मनीष मिश्रा ऑनलाइन साइट उपलब्ध कराते हैं। हम लोग संगठित होकर ऑनलाइन सट्टे का काम करते हैं।

गिरफ्तार अभियुक्तगण का विवरण –

1. मोहन सिंह उर्फ डम्पी पुत्र कन्हैया लाल उम्र करीब 35 वर्ष नि0 मु0 जयप्रकाश नगर कस्बा व थाना कोंच जनपद जालौन।
2. सुजीत राठौर पुत्र सुरेश चन्द्र उम्र करीब 36 वर्ष नि0 मु0 सुभाष नगर कस्बा व थाना कोंच जनपद जालौन।

वान्छित अभियुक्तगणों का विवरण-

1. मनीष मिश्रा पुत्र रामकुमार मिश्रा निवासी मु0 गाँधीनगर थाना कोंच जनपद जालौन
2. छोटू उर्फ राजेश राठौर पुत्र राधे राठौर निवासी मु0 जयप्रकाश नगर मंडी गेट के पास थाना कोंच जनपद जालौन
3. अमन खान पुत्र अजीज खान (नाजा) निवासी मु0 जयप्रकाश नगर थाना कोंच जनपद जालौन
4. राजेश साहू उर्फ टिकू निवासी मु0 प्रताप नगर कोंच थाना कोंच जनपद जालौन

बरामदगी का विवरण –

1. 12,170/- रूपये
2. 02 अदद मोबाइल फोन

टीम का विवरण-

1. प्रभारी निरीक्षक कोतवाली कोंच मय पुलिस टीम